Regarding constitution of a high level committee to look into the inactivity of Delhi Government to tackle sewage problems in Delhi

सुश्री बाँसुरी स्वराज (नई दिल्ली) : आदरणीय सभापति महोदय, दिल्ली में सीवेज की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और दिल्ली सरकार पूरी तरह संवेदनहीन है । मेरे अपनी लोक सभा क्षेत्र, जैसे किदवई नगर, कोटला, मुनिरका, कीर्ति नगर, राजेन्द्र नगर और कई अन्य पॉश इलाके भी पूरी तरह डूब रहे हैं । यहां पर नालों की डिसिल्टिंग नहीं कराई गई है और सुपर सकर भी बहुत ज्यादा प्रभावशाली नहीं है ।

मेरा यह केन्द्र सरकार से निवेदन है कि हाई लेवल कमेटी का गठन हो, ताकि दिल्ली सरकार की निष्कर्मता की जांच हो सके और इस स्थिति से? (व्यवधान)